


अंक : 570 वर्ष 43

सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड की पत्रिका

राँची, 30 जुलाई, 2021

प्रबंधन द्वारा नियुक्ति पत्र का वितरण

# कोरोना से दिवंगत कर्मियों के आश्रितों को नियुक्ति पत्र वितरण

दिनांक 02 जुलाई को मुख्यालय में आयोजित कार्यक्रम में कोरोना की दूसरी लहर में दिवंगत कर्मियों के 21 आश्रितों को नियुक्ति पत्र निदेशक तकनीकी (संच. ालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव द्वारा सौंपा गया। अप्रनि, श्री पी.एम. प्रसाद के मार्गदर्शन में प्रबंधन द्वारा दिवंगत कर्मी के परिवार को न सिर्फ आधिकारिक रूप से दिये जाने वाले बेनिफिट्स को कम से कम समय में उपलब्ध कराया गया बल्कि आश्रितों को दिये जाने वाले स्थायी रोजगार पर आवश्यक कार्रवाई करते हुये रिकॉर्ड 21 आश्रितों को नियुक्ति पत्र प्रदान किया गया। शेष कर्मियों को रोजगार प्रदान करने हेतु संबंधित विभाग द्वारा त्वरित कार्रवाई की जा रही है। पिछले वर्ष कोरोना के कारण दिवंगत 16 कर्मियों के आश्रितों को कंपनी में स्थायी रोजगार दिया गया था।

निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी.के. श्रीवास्तव ने कहा कि कोरोना काल में अपने कर्मियों को हमनें खोया है यह पूरे कंपनी के लिए अपूरनीय क्षति है। उन्होंने आश्रितों से कहा कि हम सभी की शुभकामनाएँ आपके साथ है।

विशेष अवसर पर उपस्थित यूनियन प्रतिनिधिगणों ने सीसीएल प्रबंधन द्वारा त्वरित कार्यवाई करते हुये दिवंगत कर्मियों के परिवार को सहायता प्रदान करने के लिए आभार व्यक्त किया।



नियुक्ति पत्र वितरण करते निदेशक तकनीकी (संचालन) श्री वी. के. श्रीवास्तव

# श्री के.आर. वासुदेवन ने सीसीएल के निदेशक (वित्त) का अतिरिक्त प्रभार संभाला



श्री के. आर. वासुदेवन

श्री के. आर. वासुदेवन ने सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड के निदेशक (वित्त) के रूप में 01 जुलाई को अतिरिक्त प्रभार ग्रहण किया। प्रभार ग्रहण करने के उपरांत श्री वासुदेवन मुख्यालय, राँची में अधिकारियों और कर्मियों से मिलें तथा विभिन्न मुद्दों पर चर्चा किए। वर्तमान में श्री वासुदेवन कोल इंडिया की अनुषंगी कंपनी महानदी कोलफील्ड्स लिमिटेड (एमसीएल, सम्बलपुर, ओडिसा) में निदेशक (वित्त) के पद पर नियमित रूप से कार्यरत हैं। ज्ञातव्य हो कि सीसीएल के पूर्व निदेशक (वित्त) श्री एन.के. अग्रवाल 30 जून, 2021 को सेवानिवृत हो गये हैं।

# अप्रनि श्री पी.एम. प्रसाद ने माननीय राज्यपाल, श्री रमेश बैस से शिष्टाचार भेंट की



राज्यपाल श्री रमेश बैस से शिष्टाचार भेंट करते अप्रनि

दिनांक 28 जुलाई को अप्रनि श्री पी.एम. प्रसाद ने झारखण्ड राज्य के माननीय राज्यपाल, श्री रमेश बैस से राजभवन में शिष्टाचार भेंट किया। इस दौरान श्री पी.एम. प्रसाद ने माननीय राज्यपाल महोदय को सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमिटेड द्वारा राज्य की प्रगति के लिए किये जा रहे कार्यों के बारे में जानकारी दी।

# टीम सीसीएल ने ओलंपिक में भाग ले रही टीम इंडिया का उत्साहवर्धन किया

23 जुलाई से 08 अगस्त तक टोक्यों में आयोजित होने वाले ओलंपिक गेम में भाग ले रहे भारतीय टीम के खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन के लिए सीसीएल द्वारा मुख्यालय, राँची एवं विभिन्न जगहों पर Cheer4India के सेल्फी प्वाइंट लगाए गए हैं। सीसीएल कर्मियों एवं स्टेकहोल्डर्स ने यहाँ पर उत्साहपूर्वक अपनी तस्वीर खींचाई तथा टोक्यो 2020 अभियान में भाग लेने वाले प्रत्येक विधा के खिलाड़ियों को प्रोत्साहित किया तथा उनके सर्वोत्तम एवं बेहतरीन प्रदर्शन के लिए अपनी शुभकामनाएँ दी।

माननीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी के मार्गदर्शन में कोयला उत्पादन के साथ–साथ सीसीएल खेल के क्षेत्र में भी सदैव से ही अपना योगदान दे रहा है। सीसीएल प्रबंधन द्वारा समय–समय पर खेल से संबंधित विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जाता रहा है।

# सीसीएल में सेवानिवृत कर्मियों को भावभीनी विदाई

दिनांक 31 जुलाई को मुख्यालय के विभिन्न विभागों में कार्यरत कर्मियों सर्वश्री राजीब चन्द्र झा, महाप्रबंधक (ई एण्ड एम), एजाज अहमद, महाप्रबंधक (उत्खनन), बिमल कुमार प्रसाद सिंह, मुख्य प्रबंधक (ई एण्ड एम), को सीसीएल परिवार की ओर से मुख्यालय में "सम्मान समारोह" का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई। यह समारोह कोविड प्रोटोकॉल का पालन करते हुए मनाया गया। पूरे सीसीएल से जुलाई माह में 92 कर्मी सेवानिवृत हुए जिन्हें उनके क्षेत्रों में सम्मान समारोह का आयोजन कर भावभीनी विदाई दी गई।

अवसर विशेष पर सीसीएल द्वारा निर्मित सेवानिवृत कर्मियों पर फिल्म का प्रदर्शन 'सम्मान समारोह' के दौरान किया गया। फिल्म (विडियो) के माध्यम से सेवानिवृत कर्मियों ने अपने–अपने कार्यानुभवों एवं विचारों को व्यक्त किया। फिल्म में सेवानिवृत कर्मियों ने कहा कि माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी के 'आत्मनिर्भर भारत' के संकल्प को पूरा करने में सीसीएल अहम भूमिका निर्वहन कर रहा है और आने वाले समय में कोल इंडिया एक बिलियन टन कोयला उत्पादन लक्ष्य को अवश्य पूरा करेगा।

अप्रनि श्री पी.एम. प्रसाद ने सेवानिवृत कर्मियों को संबोधित किया तथा भविष्य के लिए उन्हें शुभकामनाएँ दी।अवसर विशेष पर निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना) श्री भोला सिंह तथा अन्य अधिकारियों ने भी अपने विचार व्यक्त किए।

# माननीय अपर सचिव, कोयला मंत्रालय का एन.के. एवं पिपरवार क्षेत्र का दौरा



खदान का निरीक्षण करते माननीय अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार श्री विनोद तिवारी

दिनांक 13 जुलाई को माननीय अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार, श्री विनोद कुमार तिवारी ने सीसीएल के एन.के. एवं पिपरवार क्षेत्र का दौरा किया। सर्वप्रथम उन्होंने एन.के. क्षेत्र के प्रतिष्ठित भूमिगत खदान, चुरी खदान का निरीक्षण किया साथ ही चुरी खदान के नजदीक में पौधा रोपण भी किया। इसके तुरंत बाद प्रतिष्ठित कोयला परियोजना पिपरवार प्रोजेक्ट का निरीक्षण किया।

श्री विनोद कुमार तिवारी ने कहा कि हम सभी को मिलकर आत्मनिर्भर भारत के संकल्प को पूरा करना है और आने वाले समय में 1000 मिलियन टन यानी 01 बिलियन टन कोयला उत्पादन करने का लक्ष्य प्राप्त करना है। उन्होंने कहा कि कोयला मंत्रालय हर सभंव मदद करने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने उपस्थित अधिकारियों को और सस्टेनेबल माईनिंग करने के लिए प्रेरित किया साथ ही आवश्यक दिशा–निर्देश दिये।

उन्होंने पिपरवार दौरे के दौरान अशोका प्रोजेक्ट स्थित "व्यू प्वाइंट" में जाकर खदान का निरीक्षण किया और सरफेस माईनर मशीन, कोल हैंडलिंग प्लांट आदि का भी निरीक्षण किया। इस दौरान उन्होंने पिपरवार स्थित 'कायाकल्प वाटिका' में पौधा रोपण भी किया।

सीएमडी, सीसीएल श्री पी.एम. प्रसाद ने माननीय अपर सचिव को चुरी भूमिगत खदान के बारे में पावर प्वाइंट के माध्यम से विस्तार से जानकारी दी और उन्होंने आभार व्यक्त करते हुए कहा कि ग्रामीण भाईयों और राज्य एवं केन्द्र सरकार के साथ–साथ हमें कोल इंडिया का सहयोग सतत मिलता रहा है। उन्होंने उम्मीद जतायी कि आदरणीय कोयला मंत्री श्री प्रल्हाद जोशी के नेतृत्व में, चेयरमैन कोल इंडिया श्री प्रमोद अग्रवाल के मार्गनिर्देशन में सीसीएल अपना उत्पादन का लक्ष्य अवश्य प्राप्त करेगा। श्री प्रसाद ने कायाकल्प वाटिका के विस्तारीकरण के बारे में भी जानकारी दी।

## 'झरिया एवं रानीगंज मास्टर प्लान' पर कार्यशाला का आयोजन

# प्रभावित परिवारों की सुरक्षा एवं पुनर्वास सर्वोच्च प्राथमिकता – अपर सचिव, कोयला मंत्रालय

झारखण्ड के झरिया एवं पश्चिम बंगाल के रानीगंज कोलफील्ड्स को किसी भी प्राकृतिक आपदा से बचाने के लिए तथा प्रभावित परिवारों के पुनर्वास की दिशा में सकारात्मक पहल करते हुये दिनांक 14 जुलाई को सेन्ट्रल कोलफील्ड्स लिमि. टेड (सीसीएल), मुख्यालय स्थित 'कन्वेंशन सेन्टर' में माननीय अपर सचिव, कोयला मंत्रालय, भारत सरकार श्री विनोद कुमार तिवारी की उपस्थिति में 'झरिया एवं रानीगंज मास्टर प्लान' पर कार्यशाला का आयोजन किया गया। इस अवसर पर संयुक्त सचिव, कोयला मंत्रालय, श्री बी.पी. पति, निदेशक (तकनीकी), कोल इंडिया, श्री बिनय दयाल, खान सचिव, झारखण्ड सरकार श्री के. श्रीनिवासन, धनबाद के पूर्व डिप्टी कमिशनर, श्री उमा शंकर सिंह, डिप्टी कमिशनर, धनबाद श्री संदीप सिंह, निदेशक तकनीकी (योजना/परियोजना), सीसीएल, श्री भोला सिंह, आसनसोल दुर्गापूर डेवलपमेंट ऑथरिटी (एडीडीए) श्री अभिजित सामंता, निदेशक (तकनीकी/संचालन), बीसीसीएल, श्री चंचल गोस्वामी, निदेशक (तकनीकी/संचालन), ईसीएल, श्री जे.पी. गुप्ता, आईएसएम/आईआईटी, धनबाद के प्रो. आर.एन. भट्टाचार्जी, प्रो. वी.के. सिन्हा, महाप्रबंधक, सीएमपीडीआईएल, श्री आनंदजी प्रसाद एवं कोयला मंत्रालय, नई दिल्ली में पदस्थापित श्री पीयूष कुमार सहित अन्य सम्मानित अधिकारीगण सोशल डिस्टेंसिंग का पालन करते हुये उपस्थित थे।




कार्यशाला के दौरान दीप प्रज्ज्वलित करते अपर सचिव, कोयला मंत्रालय

अपर सचिव श्री विनोद कुमार तिवारी ने कार्यशाला को संबोधित करते हुये कहा कि सरकार 'झरिया एवं रानीगंज कोलफील्ड्स में रहने वाले कर्मियों एवं स्टेकहोल्डर्स की सुरक्षा को लेकर बहुत गंभीर है। उन्होंने कहा कि इन क्षेत्रों में कंप. नी की सर्वोच्च प्राथमिकता नई तकनीक का उपयोग कर आग बुझाने की है। श्री तिवारी ने कहा कि यह कार्य एक चुनौती है परंतु हमें इस पर जरूर सफल होना है।

निदेशक (तकनीकी), कोल इंडिया, श्री बिनय दयाल ने कहा कि कोल इंडिया फायर एरिया के मुद्दे को जल्द से जल्द निवारण करने के लिए प्रतिबद्ध है और इसके लिए पूर्व में भी कई वैज्ञानिक अध्ययन किए गए हैं, जो सतत जारी है।

खान सचिव, झारखंड सरकार श्री के. श्री. निवासन ने भी कोकिंग कोल सहित राज्य में स्थित खनिजों के महत्व पर जोर दिया।

सीसीएल/बीसीसीएल के सीएमडी श्री पी.एम. प्रसाद ने कार्यशाला में उपस्थित गणमान्य अतिथियों एवं वरिष्ठ अधिकारियों का स्वागत किया और कंपनी के गतिविधियों के बारे में जानकारी दिया।

डिप्टी कलेक्टर, धनबाद ने झरिया मास्टर प्लान की तथ्यात्मक स्थिति बताई। उन्होंने कहा कि झरिया पुनर्वास और विकास प्राधिकरण (जेआरडीए) पुनर्वास कार्यों को प्राथमिकता दे रहा है ताकि प्रभावित परिवारों को सुरक्षित स्थानों में पुनर्वासित किया जा सके। उन्होंने उम्मीद जताई कि वह पुनर्वास के कार्य में जल्द से जल्द सफल होंगे।

आईएसएम, धनबाद के प्रो. वीके सिन्हा ने झरिया में आग बुझाने के बारे में विस्तार से चर्चा किया एवं पूर्व में किए गए प्रयासों के बारे में भी सभी को अवगत कराया। बीसीसीएल के महाप्रबंधक श्री पी.के. दुबे एवं श्री गिरीश ने प्रभावित परिवारों के वर्तमान स्थिति का रिपोर्ट एवं योजनाओं का प्रेजेंटेशन दिया।

यह पूरा कार्यक्रम कोविड–19 प्रोटोकॉल का पालन करते हुए सम्पन्न हुआ। सभी अतिथियों ने मास्क पहनकर एवं सोशल डिस्टेंसिंग का पालन किया।

सम्पादक : अनुपम कुमार राणा, विभागाध्यक्ष (जनसम्पर्क), जनसम्पर्क विभाग ● सहायक सम्पादक : मयंक कश्यप, सहायक प्रबंधक (सीडी), सीसीएल, दरभंगा हाउस, राँची द्वारा प्रकाशित। (आंतरिक वितरण हेतु)

@CCLRanchi | @CentralCoalfieldsLimited | centralcoalfieldltd | Central Coalfields Limited